# UP Board Important Questions Class 12 Chapter 5 औद्योगिक समाज में परिवर्तन और विकास (Bharat main Samajik Parivartan Evam Vikas)

अतिलघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
दक्षिणी गुजरात में प्रवसन करने वाले मजदूर क्यों आते हैं ?
उत्तर:
ईंट के भट्टों में काम करने के लिए।

प्रश्न 2.
विनिवेश किसे कहते हैं ?
उत्तर:
सरकार द्वारा सार्वजनिक कम्पनियों के शेयरों को निजी कम्पनी को बेचने को विनिवेश कहते हैं।

प्रश्न 3.
बुधवार के टाइम्स ऑफ इण्डिया में टाइम्स एसेन्ट पृष्ठ पर किससे संबंधित विज्ञापन आते हैं ?
उत्तर:
रोजगार से संबंधितं।

प्रश्न 4.
'टाइम्स एसेन्ट' एक विशिष्ट पृष्ठ किस अखबार से जुड़ा है ?
अथवा
टाइम्स एसेन्ट किस अखबार में छपता है ?
उत्तर:
टाइम्स ऑफ इण्डिया से।

प्रश्न 5.
भारत के कितने प्रतिशत लोग कृषि एवं खदान में लगे हैं ?
उत्तर:
60 प्रतिशत लोग।

प्रश्न 6.
भारत में कितने प्रतिशत लोग द्वितीयक क्षेत्र में लगे हैं ?
उत्तर:
17 प्रतिशत लोग।

प्रश्न 7.
भारत के कितने प्रतिशत लोग तृतीयक क्षेत्र में लगे हैं ?
उत्तर:
23 प्रतिशत लोग।

प्रश्न 8.
भारत में कितने प्रतिशत लोग स्वरोजगारी हैं ?
उत्तर:
50 प्रतिशत से अधिक।

प्रश्न 9.
भारत के कितने प्रतिशत लोग नियमित वेतनभोगी रोजगार में हैं ?
उत्तर:
14 प्रतिशत लोग।

प्रश्न 10.
भारत के कितने प्रतिशत लोग 'अनियमित मजदूर' हैं ?
उत्तर:
30 प्रतिशत लोग।

प्रश्न 11.
भारत के चार प्रथम आधुनिक उद्योगों के नाम लिखो।
उत्तर:

1. रुई
2. जूट
3. खानें
4. रेल्वे।

प्रश्न 12.
कौनसे दशक में भारत ने उदारीकरण की नीति को अपनाया?
उत्तर:
1990 के दशक में।

प्रश्न 13.
किस नीति के कारण अब भारतीय दुकानों पर विदेशी वस्तुएँ आसानी से उपलब्ध हो जाती हैं ?
उत्तर:
उदारीकरण की नीति के कारण।

प्रश्न 14.
विनिवेश से सरकारी कर्मचारियों को क्या भय है?
उत्तर:
नौकरी खोने का।

प्रश्न 15.
साधारणतः पहले कामगार किसके माध्यम से रोजगार प्राप्त करते थे?
उत्तर:
ठेकेदार के माध्यम से।

प्रश्न 16.
दक्षिणी गुजरात में ईंट के भट्टों के मालिक साधारणतः किस जाति के होते हैं ?
उत्तर:
पारसी, देसाई या ऊँची जाति के।

प्रश्न 17.
मारुति उद्योग लि. प्रत्येक मिनिट में कितनी कारें तैयार करती है ?
उत्तर:
दो।

प्रश्न 18.
1982 में बम्बई टैक्सटाइल मिल की हड़ताल किस नेता की अगुवाई में हुई थी?
उत्तर:
डॉ. दत्ता सामन्त।

प्रश्न 19.
द्वितीयक क्षेत्र में कौनसे कार्य आते हैं ?
उत्तर:
उत्पादन, निर्माण तथा उपयोगिता से संबंधित कार्य।

लघूत्तरात्मक प्रश्न

प्रश्न 1.
वैज्ञानिक प्रबंधन या टेलरिज्म का संकेत किसकी विधियों की ओर है?
उत्तर:
वैज्ञानिक प्रबन्धन या टेलरिज्म का संकेत व्यवस्थापन नियंत्रण के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य को छोटे-छोटे टुकड़ों में बाँटने की विधियों की ओर है।

प्रश्न 2.
उदारीकरण का क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
उदारीकरण के तहत आर्थिक गतिविधियों पर राज्य का नियंत्रण ढीला कर दिया जाता है तथा उन्हें बाजार की ताकतों से जोड़ दिया जाता है।

प्रश्न 3.
भारत में सामाजिक सम्बन्धों में परिवर्तन क्यों आता है ?
उत्तर:

प्रौद्योगिकी में होने वाले परिवर्तन और लोग किस प्रकार का कार्य करते हैं, इन सब वजहों के कारण भारत में सामाजिक सम्बन्धों में परिवर्तन आता है।

प्रश्न 4.
1982 में मुम्बई की कपड़ा हड़ताल में श्रमिकों की क्या माँगें थीं ?
उत्तर:
1982 में मुम्बई की कपड़ा हड़ताल में श्रमिकों की माँगें थीं

1. बेहतर मजदूरी तथा
2. संघ बनाने की अनुमति प्राप्त करना।

प्रश्न 5.
असंगठित क्षेत्र की क्या विशेषताएँ होती हैं?
उत्तर:

1. असंगठित क्षेत्र अनौपचारिक होता है।
2. सरकारी तौर पर इसका पंजीकरण नहीं होता है।
3. इसमें कर्मचारियों को उपयुक्त वेतन या मजदूरी, पेंशन और अन्य सुविधाएँ मिलना सुनिश्चित नहीं होता।

प्रश्न 6.
कॉर्पोरेट संस्कृति किसे कहा जाता है ?
उत्तर:
कॉर्पोरेट (निगम) संस्कृति का तात्पर्य है-प्रबन्धन सिद्धान्त में एक ऐसी शाखा जो किसी फर्म के सभी सदस्यों को साथ लेकर एक विशेष संगठनात्मक संस्कृति के निर्माण के माध्यम से उत्पादकता और प्रतियोगिता को आगे बढ़ाती है।

प्रश्न 7.
संगठित क्षेत्र की क्या विशेषताएँ हैं ?
अथवा
संगठित क्षेत्र की किन्हीं दो विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।
उत्तर:

1. संगठित क्षेत्र की इकाई में 10 और अधिक लोगों को पूरे वर्ष रोजगार मिलता है।
2. सरकारी तौर पर इसका पंजीकरण होता है।
3. इसमें कर्मचारियों को उपयुक्त वेतन, पेंशन और अन्य सुविधाएँ मिलना सुनिश्चित होता है।

प्रश्न 8.
फिल्म उद्योग के उत्पादों का प्रचार कैसे होता है ?
उत्तर:
फिल्म उद्योग के उत्पादकों का प्रचार विज्ञापनों, फिल्म वितरक के द्वारा एवं सिनेमा हॉल के मालिकों के कैसेट्स एवं वीडियोज बेचने वाली दुकानों के द्वारा होता है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 9.
मुम्बई के लोगों को किसके आधार पर विभाजित किया जाता है?
उत्तर:
मुम्बई के लोगों को वे कहाँ रहते हैं ? वे क्या खाते हैं ? और वे कितने कीमती कपड़े पहनते हैं, के आधार पर विभाजित किया जाता है।

प्रश्न 10.
औद्योगीकरण से विस्तृत श्रम विभाजन होता है। उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
औद्योगीकरण से विस्तृत श्रम विभाजन होता है। उदाहरण-लोग अधिकतर अपने कार्यों का अंतिम रूप नहीं देख पाते क्योंकि उन्हें उत्पादन के एक छोटे पुर्जे को बनाना होता है।

प्रश्न 11.
औद्योगीकरण कुछ एक स्थानों पर जबरदस्त समानता लाता है। उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
उत्तर:
औद्योगीकरण कुछ एक स्थानों पर जबरदस्त समानता लाता है। उदाहरण के लिए, रेलगाड़ियों, बसों और साइबर कैफे में जातीय भेदभाव के महत्त्व का ना होना।

प्रश्न 12.
आधुनिकीकरण का सिद्धान्त क्या तर्क देता है ?
उत्तर:
आधुनिकीकरण का सिद्धान्त यह तर्क देता है कि आधुनिकीकरण की प्रक्रिया में पृथक् समाज की अवस्थाएँ अलग-अलग हैं परन्तु उन सभी की दिशा एक ही है। .

प्रश्न 13.
संगठित क्षेत्रों का गठन किस प्रकार होता है?
उत्तर:
एक परिभाषा के अनुसार संगठित क्षेत्र की इकाई में 10 और अधिक लोगों के पूरे वर्ष रोजगार में रहने से इन क्षेत्रों का गठन होता है।

प्रश्न 14.
मुम्बई के लोग किन आधारों पर समान रूप से संगठित हैं ?
उत्तर:
मुम्बई के लोग निम्न आधारों पर समान रूप से संगठित हैं

1. वे एक जैसी फिल्में और क्रिकेट मैच देखते हैं।
2. वे समान वायु-प्रदूषित वातावरण में आवागमन करते हैं।
3. उन सबकी आकांक्षा है कि उनके बच्चे अच्छा काम करें।

प्रश्न 15.
कार्य को संगठित करने के तरीके अथवा उत्पाद को बाजार में भेजने के तरीकों को प्रभावित करने वाले कारक क्या हैं ?

उत्तर:सामाजिक संस्थाएँ जैसे-जाति, नातेदारी का संजाल, लिंग एवं क्षेत्र भी, कार्य को संगठित करने के तरीके अथवा उत्पाद को बाजार में भेजने के तरीके को प्रभावित करते हैं।

प्रश्न 16.
भारत में कॉफी के विज्ञापन में पैकेट पर दो कप क्यों दिखाए जाते हैं, जबकि अमेरिका में एक।
उत्तर:
भारतीय कॉफी पीने को सामाजिकता निभाने का एक अवसर मानते हैं, न कि अमेरिका की तरह सुबह उठकर स्फूर्ति लाने वाला पेय। इसलिए इसके विज्ञापन में भारत में दो कप और अमेरिका में एक कप दिखाया जाता है।

प्रश्न 17.
संगठित क्षेत्र में अनुबंधित कार्य किसे कहते हैं ?
उत्तर:
बहुत से बदली कामगार एक ही कम्पनी में बहुत लम्बे समय से काम कर रहे होते हैं; किन्तु उन्हें सबके समान स्थायी पद और सुरक्षा नहीं दी जाती है। इसे संगठित क्षेत्र में अनुबंधित कार्य कहते हैं।

प्रश्न 18.
घरों में किये जाने वाले आर्थिक कार्यों के नाम बताइये।
उत्तर:
घरों में किये जाने वाले आर्थिक कार्य ये हैं-लेस बनाना, जरी या ब्रोकेड का काम, गलीचों, बीड़ियों व अगरबत्तियों का काम।

प्रश्न 19.
कोयला की खानों में सुरक्षा के कोई दो उपाय लिखिये।
उत्तर:
कोयला की खानों में सुरक्षा के उपाय हैं

1. वहाँ पानी छिड़कने की मशीन होनी चाहिए।
2. वहाँ गैस टेस्टिंग मशीन होनी चाहिए।

प्रश्न 20.
निजी उद्योगों के फलने - फूलने के लिए किन परियोजनाओं की आवश्यकता है?
उत्तर:
निजी उद्योगों के फलने-फूलने के लिए सुरक्षा, परिवहन एवं संचार एवं ऊर्जा आदि परियोजनाओं की आवश्यकता है।

प्रश्न 21.
उदारीकरण के परिणामस्वरूप कई भारतीय कम्पनियों को बहुउद्देशीय कम्पनियों ने खरीद लिया है। इसका एक उदाहरण दीजिए।
उत्तर:
उदारीकरण का पहला उदाहरण है जब पारले पेय को कोका कोला ने खरीदा। पारले पेय की सालाना आमदनी 250 करोड़ रुपये थी, जबकि कोका कोला का विज्ञापन बजट 400 करोड़ रुपये है।

https://www.evidyarthi.in/

प्रश्न 22.
विनिवेश से आपका क्या तात्पर्य है ?
उत्तर:
सरकार सार्वजनिक कम्पनियों के अपने हिस्सों को निजी क्षेत्र की कम्पनियों को बेचने का प्रयास कर रही है, जिसे विनिवेश कहा जाता है।

प्रश्न 23.
मार्क्स और महात्मा गाँधी ने मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा माना है। क्यों?
उत्तर:
मशीनें उत्पादन बढ़ाने में सहायक होती हैं। परंतु ये खतरे भी पैदा करती हैं और अंततः मशीनें कामगारों का स्थान ले रही हैं। इसीलिए मार्क्स और महात्मा गाँधी दोनों ने मशीनीकरण को रोजगार के लिए खतरा माना।

प्रश्न 24.
खदान एक्ट के अनुसार खान का कार्य पूरा होने पर कम्पनी की क्या जिम्मेदारी होती है?
उत्तर:
खदान एक्ट के अनुसार एक खान का कार्य समाप्त होने पर कम्पनी को उस स्थान पर किए गए गड्ढे को भरकर उस जगह को पहले जैसा कर देना चाहिए।

प्रश्न 25.
भिलाई स्टील प्लाण्ट में साम्प्रदायिक दंगे क्यों नहीं होते हैं ?
उत्तर:
भिलाई स्टील प्लाण्ट में साम्प्रदायिक दंगे नहीं होते क्योंकि वहाँ भारत के सभी भागों के लोग एक साथ काम करते हैं।

प्रश्न 26.
आपके विद्यालय में एक कम्प्यूटर शिक्षक की आवश्यकता है, शिक्षक भर्ती हेतु समाचार - पत्र में देने हेतु विज्ञापन तैयार कीजिए।
उत्तर:
महाराजा कॉलेज,
(राजस्थान विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कॉलेज) कम्प्यूटर शिक्षक पद के लिए प्रार्थना - पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। वेतनमान रु. 16,400-22,400 है। डी.ए., सी.सी.ए., एच.आर.ए. एवं अन्य लाभों के साथ। यह राजस्थान विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार होगा।
योग्यता:

1. कम्प्यूटर विषय में एम.सी.ए., एम. टेक. उपाधि।
2. पी. एच.डी. या समकक्ष उपाधि।
3. 10 वर्ष का पढ़ाने का अनुभव।

प्रार्थना-पत्र में योग्यता, अनुभव, उम्र इत्यादि को पुष्टि करने वाले दस्तावेजों के साथ अध्यक्ष, शासी निकाय, महाराजा कॉलेज, जयपुर में इस विज्ञप्ति के जारी होने के 15 दिन के अंदर मुहरबंद लिफाफे में पहुँचना चाहिए। चेयरमैन, शासी निकाय (गवरनिंग बॉडी)